## शोध सारांश

## “इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की हिंदी भाषा के भाषिक एवं भाषेतर अभिलक्षण”

भारत राष्ट्र के संदर्भ में हिंदी भाषा की अपनी महत्ता है यहाँ हिंदी भारत कीमात्र राजभाषा ही नहीं अपितु लोक जन की प्राण भाषा है और मीडिया जन जन से संप्रेषण एवं सूचनाओं के व्यापकएवं प्रभावशाली साधन के रूप में प्रचलित है। प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध“इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के हिंदी भाषा के भाषिक एवं भाषेतर अभिलक्षण” के अंतर्गत टेलीविज़न के प्रचलित हिंदी न्यूज़ चैनल आजतक तथा एनडीटीवी के कुछ महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों के विभिन्न एपिसोड को शोध प्रतिदर्श के रूप में शामिल कर उनका अंतर्वस्तु विश्लेषण एवं अवलोकन किया गया है वस्तुतः यह शोध अध्ययन हिंदी भाषा के दो मुख्य विशेषताओं भाषिक और भाषेतर अभिलक्षणों के विविध घटकयथा वाक्य विन्यास, तकनीकी शब्दावली का प्रयोग, अंग्रेजी भाषा के प्रयोग तथा भाषेतर अभिलक्षणों में पराभाषिक के अंतर्गत उच्चारण ध्वनि, शारीरिक मुद्राएँ अपराभाषिक के अंतर्गत चित्र, विडियो एवं नक्शा और रेडियो के कुछ महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम के विभिन्न एपिसोड के शोध प्रतिदर्श के रूप में शामिल कर उनका भी अंतर्वस्तु विश्लेषण एवं अवलोकन किया गया है, वस्तुतः हिंदी भाष के दो मुख्य विशेषताओं भाषिक और भाषेतर अभिलक्षणों के विविध घटक यथा वाक्य विन्यास, तकनीकी शब्दावली का प्रयोग, अंग्रेजी भाषा के प्रयोग तथा भाषेतर अभिलक्षणों में पराभाषिक के अंतर्गत उच्चारण ध्वनि और ध्वनि (Sound) जैसे महत्त्वपूर्ण अभिलक्षणों का वैज्ञानिक पद्धति से विश्लेषण कर निष्कर्ष प्रदान किया गया है। यह शोध अध्ययन हमें हिंदी भाषा के भाषिक एवं भाषेतर अभिलक्षणों की मीडिया तथा संप्रेषण में प्रभावशाली भूमिका की वकालत करता है। साथ ही यह बताता है कि हिंदी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुख्यतः चैनलों पर प्रसारित होने वाली हिंदी भाषा का स्वरूप क्या है तथा वह अपने मानक हिंदी भाषा से कितना विचलन कर रही है। प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता ने अकड़ों के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किया है जिसमें

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रयोग कीये जाने वाले हिंदी भाषा में भाषिक एवं भाषेतर अभिलक्षणों के प्रयोग के प्रतिशत एवं उनके अनुप्रयोग की शैली की व्याख्या समुचित ढंगसे की है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में एक महत्वपूर्ण भाग हिन्दी रेडियो चैनल मे प्रयुक्त किए जा रहे हिन्दी भाषा के भासिक एवं भाषेतर अभिलक्षणो का भी अध्ययन करना था, जिसमे रेडियो भाषा के अंतर्गत उसकी प्रकृति भाषा शैली का अध्ययन किया गया गया है जिसमे रेडियो से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'समाचार वाचन, उच्चारण तथा तकनीकी शब्दावली एवं अङ्ग्रेज़ी भाषा के प्रयुक्त होने वाले शब्दो का विश्लेषण एवं व्याख्या किया गया है| रेडियो की भाषा की अपनी विशेषता होती है जैसे सहज, मानकीकृत,और दृश्यतमकता उदाहरण के लिए वाक्य संक्षिप्त हो अर्थात छोटे-छोटे हो| रेडियो की भाषा सरल और आम बोल-चाल की होनी चाहिए |